**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 07.05.2023**

## थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा एलिवेटिड रोड पर मोटर साईकिल व स्कूटी आडी तिरछी खड़ी करके उन पर केक काटने वाले 07 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना कौशाम्बी पर दिनांक 07.05.2023 को रात्रि में एलिवेटिड रोड पर चैकिंग के दौरान 7 लडकों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर 03-04 मो0सा0 व स्कूटी आडी तिरछी खड़ी कर उन पर केक रखकर बर्थडे मना रहे थे। जिससे एलिवेटिड मार्ग अवरुद्ध हो रहा था व आने जाने वाले राहगीरो के जीवन को संकट उत्पन्न कर रहे थे। तथा फोन में बज रहे गाने पर सार्वजनिक मार्ग को अवरूद्ध कर डांस कर रहे थे। सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अभियुक्तगण का विवरण –

1. अरमान पुत्र इरफान नि0- झुग्गी नं0-35 मयूर विहार फेस-1 थाना- पांडव नगर दिल्ली उम्र करीब 19 वर्ष
2. धीरज पुत्र मेघराज नि0- झुग्गी नं0- 35 शशी गार्डन थाना पांडव नगर दिल्ली उम्र करीब 22 वर्ष
3. दानिश पुत्र मुनाजिर नि0- झुग्गी नं0- 35 निकट पोस्ट आफिस रामप्रसाद बिस्मिल कैंप पडपडगंज दिल्ली उम्र करीब 19 वर्ष
4. समीर पुत्र सलीम नि0- झुग्गी नं0- 586 निकट पोस्ट आफिस रामप्रसाद बिस्मिल कैंप पडपडगंज दिल्ली उम्र करीब 19 वर्ष
5. जानिब पुत्र रहमान नि0- झुग्गी नं0- 131 निकट पोस्ट आफिस रामप्रसाद बिस्मिल कैंप पडपडगंज दिल्ली उम्र करीब 20 वर्ष
6. शाहरुख पुत्र गुलाम वारिस नि0- झुग्गी नं0- 124 निकट पोस्ट आफिस रामप्रसाद बिस्मिल कैंप पडपडगंज दिल्ली उम्र करीब 22 वर्ष
7. अलामीन पुत्र सलीम नि0- झुग्गी नं0- 115 निकट पोस्ट आफिस रामप्रसाद बिस्मिल कैंप पडपडगंज दिल्ली उम्र करीब 23 वर्ष

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम

## क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा नाजायज गांजा की तस्करी/बिक्री करने वाले 02 अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 21.300 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद

दिनांकः 06.05.2023 को क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा थाना नन्दग्राम क्षेत्र के मेरठ रोड नन्दग्राम कट से 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गयी है, जिनके कब्जे से उडीसा क्षेत्र से तस्करी कर लाया गया 21.300 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ।

**<u>पूछताछ का विवरण</u>-** पूछताछ पर अभियुक्त खलील खाँ ने बताया कि मैं कक्षा 7 तक पढा हूँ। पहले गुड बेचने का काम नोएडा मे करता था परन्तु उसमे ज्यादा आमदनी नही थी मैं कुछ गाँजा बेचने वालो को जानता था तो मैं उनसे गाँजा लेकर फुटकर मे बेचने लगा जिसमे आमदनी होने लगी। इसी बीच मैंने पता किया कि होल सेल मे गाँजा सुमित नाम का व्यक्ति जो बिहार का रहने वाला है उडीसा मे दिलवाता है, इस पर मैंने सुमित से सम्पर्क किया और उडीसा से गाँजा लाकर बेचने लगा इसमें मुझे ज्यादा आमदनी होने लगी, इस बार मैं व सुमित दोनो उडीसा से गाँजा लेकर आये थे और पकडे गये। पूछताछ पर दूसरे अभियुक्त सुमित राय ने बताया कि मै मैक्स बाई इन्वोशन प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम मे एकाउण्टेंट का काम करता था मैने 03 महीने नौकरी करने के बाद नौकरी छोड दी और उडीसा से सब्जी व फल खरीदकर राँची व बोकारो मे बेचने लगा इसी बीच उडीसा मे मेरा गाँजा बेचने वालो से सम्पर्क हो गया मैं उनसे गाँजा लेकर नोएडा, हरियाणा, दिल्ली एन0सी0आर0 से आने वाले गाँजा तस्करो को गाँजा बेचने लगा ज्यादा फायदा लेने के लिए मैं स्वय भी उडीसा से गाँजा लाकर कभी-कभी बेच देता था इस बार भी मैं ज्यादा फायदे के लालच मे उक्त गाँजे को गाजियाबाद व मेरठ बेचने आया था, यह काम हम करीब 1 वर्ष से कर रहे है। इससे हम लोगों को काफी आमदनी होती है। जिससे हम अपने खर्चे व शौक पूरे करते हैं।

अभियुक्तगण से पूछताछ पर मिली जानकारी के आधार पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीमें बनाकर दविशें दी जा रही हैं।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण</u>-**

1- खलील खाँ पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम प्रेम नगर उजैडा थाना निवाडी गाजियाबाद हाल पता बेगमपुल जनपद-मेरठ

2- सुमित राय पुत्र संजय राय निवासी टरडिहा थाना मधेपुर जिला मधुबनी बिहार

**<u>अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण</u> –**

गांजा नाजायज – 21.300 किलोग्राम

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>-**

क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा फैक्ट्री का खुलासा कर 01 अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से 11 अवैध तमंचे 315 बोर , 01 अवैध तमंचा 12 बोर व 14 अवैध तमंचे अधबने तथा अवैध तमंचे बनाने के उपकरण बरामद ।**

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07.05.2023 को चौकी क्षेत्र सेवाधाम में चेकिंग की जा रही थी, चैकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी की ग्राम टीला शहबाजपुर के जंगल में बने एक कमरे में अवैध तमंचा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है, इस सूचना पर थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम व थाना लोनी पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा ग्राम टीला शहबाजपुर के जंगल में बने कमरें में पहुँच कर दबिश दी गयी तो देखा कि कमरे के अन्दर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। मौके से 11 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध तमंचा 12 बोर व

14 अवैध तमंचे अधबने तथा अवैध तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किये गये तथा मौके पर अवैध तमंचे का निर्माण कर रहे एक अभियुक्त फरीद पुत्र महबूब नि0 प्रेमनगर किरायेदार हाजी आस मौहम्मद थाना लोनी गाजियाबाद मूल निवासी जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना लोनी बोर्डर पर सुंसगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त फरीद पुत्र महबूब नि0 प्रेमनगर किरायेदार हाजी आस मौहम्मद थाना लोनी गाजियाबाद मूल निवासी जनपद सहारनपुर ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं तथा मेरा भागा हुआ साथी सरफराज दोनो मिलकर अलग अलग जगह पर किसी भी जंगल में एकान्त स्थान देखकर नये अवैध तमंचों का निर्माण करते है तथा पुरानों तमंचो को ठीक करते है तथा बनाये गये तमन्चों को बाहरी अन्जान लोगों को बेचकर अवैध रुप से पैसे कमाकर अपना जीवन निर्वाह करते है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –</u>**

फरीद पुत्र महबूब नि0 प्रेमनगर किरायेदार हाजी आस मौहम्मद थाना लोनी गाजियाबाद मूल निवासी जनपद सहारनपुर उम्र 23 वर्ष

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त फरीद -</u>**

अभियुक्त फरीद उपरोक्त के विरुद्ध लूट व आर्म्स एक्ट के गाजियाबाद मे 05 अभियोग पंजीकृत है

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

11 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध तमंचा 12 बोर व 14 अवैध तमंचे अधबने व अवैध तमंचे बनाने के उपकरण

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम –</u>**

सयुक्त पुलिस टीम थाना लोनी बार्डर व लोनी